विभिन्न अवसरों पर सचिवालय परिसर, विधानसभा भवन एवं मा0मुख्यमंत्री आवास में प्रकाशीकरण के कार्यों के सापेक्ष कार्यदायी संस्था से प्राप्त आगणनों के संबंध में दिनांक 14.02.2018 को अपर सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत बैठक का कार्यवृत्त–

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

1. श्री मनमोहन मैनाली, उप सचिव, इरला, उत्तराखण्ड शासन।
2. श्री करन सिंह, व्यवस्था अधिकारी, सचिवालय प्रशासन विभाग।
3. श्री पी0के0 पन्त, अनुभाग अधिकारी, सचिवालय प्रशासन विविध अनुभाग–1।
4. श्री राम आसरे, अधिशासी अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड लो0नि0वि0, देहरादून।

1–बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक, लो0नि0विभाग, देहरादून द्वारा पत्र संख्या–259/2 सी.बी./2018 दिनांक 14.02.2018 प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि वर्ष 2016, 2017 एवं 2018 में विभिन्न समारोह में अस्थायी विद्युत प्रकाशीकरण के सापेक्ष रू0 63.74 लाख की धनराशि के आगणन भुगतान हेतु प्रेषित किये गये है। इस सम्बन्ध में अनुभाग अधिकारी, सचिवालय प्रशासन विविध अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रकाशीकरण के सापेक्ष कार्यदायी संस्था विद्युत/यांत्रिक खण्ड, लो0नि0विभाग, देहरादून से आतिथि तक रू0 42.42लाख के आगणन ही प्राप्त है।

इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक खण्ड, लो0नि0विभाग, देहरादून को 03 दिन में स्थिति स्पष्ट किये जाने के निर्देश दिये गये है।

(कार्यवाही– विद्युत/यांत्रिक खण्ड, लो0नि0विभाग, देहरादून)

2– विगत वर्षों के आगणनों के संबंध में संबंधित मदों में विगत पांच वित्तीय वर्षों हेतु आवंटित धनराशि का विवरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– सचिवालय प्रशासन लेखा विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

3– बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि विभिन्न अवसरों पर मा0मुख्यमंत्री आवास में प्रकाशीकरण के कार्यों के सापेक्ष प्राप्त आगणनों की धनराशि पूर्व से ही लेखा विभाग द्वारा संबंधित विभाग के निर्वतन में रखी जाती है। इस संबंध में प्रकाशीकरण के कार्यों हेतु प्राप्त आगणनों की धनराशि को संबंधित विभाग/कार्यालयाध्यक्ष के निर्वतन में रखे जाने की कार्यवाही सचिवालय प्रशासन लेखा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के स्थान पर सचिवालय प्रशासन विविध अनुभाग–1, उत्तराखड शासन से व्यवहृत किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा पैन, टैन एवं खाता संख्या इत्यादि सूचनायें उपलब्ध करायी जायेगी।

(कार्यवाही– सचिवालय प्रशासन विविध अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन,
विद्युत/यांत्रिक खण्ड, लो0नि0विभाग, देहरादून)

4– बैठक के अन्त में प्रकाशीकरण से संबंधित आगणनों को संबंधित मद में वित्तिय वर्ष 2017–18 हेतु प्राविधानित/अवशेष धनराशि के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2017–18 के प्रकाशीकरण के आगणन के भुगतान किये जाने की कार्यवाही के निर्देशों के साथ बैठक समाप्त हुयी।

(कार्यवाही– सचिवालय प्रशासन विविध अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन)

(विनोद प्रसाद रतूड़ी)
अपर सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग–1
संख्या–२७/xxxi(4)m/2018
देहरादूनः दिनांक२२ फरवरी, 2018

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–निजी सचिव, सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2–संयुक्त सचिव, सचिवालय प्रशासन लेखा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3–उप सचिव, इरला, उत्तराखण्ड शासन।
3–प्रमुख अभियन्ता/विभागाध्यक्ष, लो0नि0विभाग, देहरादून।
4–व्यवस्था अधिकारी, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5–अनुभाग अधिकारी, सचिवालय प्रशासन विविध अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन।
6–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक खण्ड, लो0नि0विभाग, देहरादून।
7–गार्ड फाईल।

(विनोद प्रसाद रतूड़ी)
अपर सचिव।